01 -OCT- JASH-BHOOMI-PG-1_Layout 1 11/1/2025 8:30 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 2 नवंबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

श्याम मंदिर के 26वें वर्ष पूर्ण होने पर मना एकादशी महोत्सव

4



## खबर संक्षेप

### नहर में डूबने से दो साल के मासूम की मौत

**अंबिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम महुआटिकरा निवासी 2 वर्षीय दक्षराज सिंह आ. अमरेश कुमार सिंह सुबह में घर में खेल रहा था जबकि उसकी मां बोरिंग में कपड़ा धोने चली गई थी। इसके साथ ही बच्चे की दादी घर में खाना बना रही थी। जब परिवार के सदस्य घर में आए तो बच्चा नहीं था। ऐसे में सभी बच्चे की खोजबीन करने लगे। इसी दौरान घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित नहर के पानी में बच्चा औंधे मुंह पड़ा मिला। आनन फानन में बच्चे को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। संभावना जताई जा रही है कि मां को खोजते हुए बच्चा घर से निकल गया होगा और नहर में गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की एक माह बाद मौत

**अम्बिकापुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम पलमा निवासी गिरधारी पैकरा आ. लोधू राम (75 वर्ष) 29 सितंबर को रायसरा निवासी रिश्तेदार के यहां गया था। शाम को वापस लौटने लगा तभी रायसरा बाजार चौक के समीप बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 5182 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे वृद्ध घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के कुछ दिन बाद छुट्टी दे दी गई। इसी बीच 25 अक्टूबर को तबियत खराब होने परिजन परिजन सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

### दो सूने मकानों में चोरी, 12 लाख का जेवर और नगद ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** चोरों ने सूने मकान को एक बार फिर से निशाना बनाया है। शहर के मठपारा में चोरों ने एक साथ दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर अपने साथ नगदी और जेवर समेत 12 लाख रुपए का सामान लेकर भाग निकले। परिवार घर में ताला लगाकर छठ पूजा मनाने के लिए झारखंड गया हुआ था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मणिपुर थाना अंतर्गत मठपारा निवासी अजीत गुप्ता और उसके चाचा राजेश साहू का परिवार छठ पूजा मनाने के लिए 25 अक्टूबर को झारखंड के डाल्टेनगंज गया हुआ था। इस दौरान परिवार की एक महिला ने 29 अक्टूबर को अपने पड़ोसी बुध सिंह की पत्नी को फोनकर घर के स्थिति की जानकारी भी ली थी। इस बीच 31 अक्टूबर की सुबह पड़ोसी ने जाकर देखा तो अजीत और राजेश साहू के घर का ताला टूटा हुआ था। ऐसे में उसने घटना की सूचना मकान मालिकों को दी। सूचना मिलने के बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी पेटी के ताले टूटे हुए थे। इन दोनों घरों से 2 लाख रुपए नगदी और 10 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर के चोरी होने की बात कही जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

### मंदिर में जलाएं दीपक से आग लगने पर सहमी नवविवाहिता ने पी ली जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम मुड़ईकेला निवासी लक्ष्मी बहेरा पति राजेश बहेरा (22 वर्ष) दीपावली के दिन घर में पूजा करने के बाद घर व दुकान में दीया जलाने के पश्चात पास ही मंदिर में दीया जलाने गई। नव विवाहिता जैसे ही मंदिर में दीया जलाई तभी कुछ देर बाद मंदिर में आग लग गई। इधर आग लगने से घबराई नव विवाहिता आग बुझाने लगी जिससे झुलस गई। घटना के बाद नवविवाहिता सहम गई।

## स्व सहायता समूहों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# जशप्योर ब्रांड' के तैयार उत्पाद की पीएम ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस और रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जशपुर जिले के स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और जशप्योर ब्रांड' के अंतर्गत तैयार उत्पाद महुआ लड्डू, महुआ कैंडी, महुआ टी, महुआ हेक्टर संग्रह आदि को देखा और उनकी गुणवत्ता की सराहना की।

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह के अवसर पर ट्राइबल म्यूजियम, नवा रायपुर अटल नगर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जशपुर जिले की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित जशप्योर ब्रांड' के अंतर्गत तैयार किए गए उत्पाद महुआ लड्डू, महुआ कैंडी, महुआ टी, महुआ हेक्टर संग्रह आदि को देखा और उनकी गुणवत्ता की सराहना की। साथ ही उन्होंने जशपुर की पारंपरिक हस्तकला 'छिंद कांसा टोकरी' (हाथ से बनी बांस व छिंद की टोकरियां) की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय संसाधनों से बनी इस कलाकृति की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समूह की दीदी अनिता भगत और अन्नेश्वरी भगत से बातचीत की तथा उनके उत्कृष्ट कार्य और आजीविका सशक्तिकरण के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बगीचा विकास खंड की विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा लखपति दीदी मनकुंवर बाई भी उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि जशपुर जैसे दूरस्थ अंचलों की महिलाएं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की सशक्त मिसाल हैं और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना गर्व की बात है।





**सीएम जशपुर के उत्पादों को बढ़ावा देने कर रहें प्रयास** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर के उत्पादों को बढ़ावा देने सार्थक प्रयास कर रहे हैं। महिलाओं द्वारा उत्पाद की जबरदस्त मांग बनी हुई है। तैयार जशप्योर ब्रांड के माध्यम से स्थानीय आदिवासी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को विभिन्न राज्यों जैसे पुणे, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उड़ीसा आदि अन्य राज्यों में प्रदर्शनी लगाई गई। जहां प्रदर्शनी का अवलोकन कर लोग बड़ी मात्रा में खरीदी भी किए हैं और उत्पाद को भी पसंद किया जा रहा है। जिला प्रशासन जशपुर की पहल पर जशप्योर ब्रांड का पुणे के विभिन्न स्थानों पर नियमित स्टॉल लगाई जा रही है। जहां जशपुर जिले के स्थानीय कच्चे माल से बने उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है जो जशपुर की आदिवासी महिलाओं द्वारा तैयार किया गया है। ये उत्पाद अपनी शुद्धता और स्वास्थ्य लाभ के कारण उच्च मांग में हैं, क्योंकि इनमें कोई रसायन नहीं होता है। जिससे वे बाजार के अन्य उत्पादों की तुलना में एक स्वस्थ विकल्प बन जाते हैं। महुआ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उत्पाद जैसे महुआ सिरप (शहद का महुआ आधारित विकल्प), महुआ आधारित चीनी मुक्त च्यवनप्राश विकल्प फॉरेस्ट गोल्ड वन्य प्राश और बाजरा पास्ता के नियमित ग्राहक प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त छिन्द घास के हाथ से बने टोकरियां त्यौहारी मौसम के दौरान उच्च मांग में हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और जशपुर और जवाहर दोनों के आदिवासियों को स्थायी रोजगार प्रदान करने में जिला प्रशासन का प्रयास सराहनीय है।

## कोतबा की महिला का मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए चयनित

**कोतबा।** जशपुर जिले के पत्थलगांव ब्लॉक के नगर पंचायत कोतबा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमला कुजूर का चयन 23वें एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। इस पर खुशी जताते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय कोतबा में कार्यक्रम आयोजित कर विमला कुजूर का स्वागत किया गया।



इस दौरान बाजे-गाजे ढोल नगाड़े के साथ रैली निकाली गई एवं खेलने के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कोतबा नगर के आंगनबाड़ी केंद्र में पदस्थ कार्यकर्ता विमला कुजूर की जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चेन्नई, तमिलनाडु में 5 से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाले 23वें एशिया मास्टर एथलेटिक्स चेम्पियनशिप 2025 में तीन विधाओं में खेलने के लिए चयनित हुई है। जहां वे हाई जम्प, लॉग जम्प, ट्रिपल जम्प में भाग लेंगी। यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के पूरे एशिया से 22 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। विमला कुजूर को यह सफलता कर्नाटक के बैंगलुरू में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर मिला है।

### मास्टर एथलेटिक्स में मिले 3 गोल्ड मेडल

विमला ने हरिभूमि को बताया कि वह इस साल इस प्रतियोगिता में उंची कूद में शामिल हुई थी और कांस्य पदक प्राप्त किया। इससे पहले वर्ष 2022 में गोवा में हुए मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उन्होंने तीन गोल्ड मेडल प्राप्त करने में सफल रही थी। विमला के इस प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें चेन्नई में आयोजित होने वाली अंर्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका दिया गया है। अपने चयन को लेकर विमला कुजूर काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा कि सपनों को पूरा करने में उम्र कभी आड़े नहीं आती है। मेरा 44 साल की उम्र में खेलने का उद्देश्य आज के बच्चों के लिए प्रेरणा बनने का है। आज के बच्चे मोबाइल गेम, वीडियो, सोशल मीडिया में ही अपना अधिकतम समय व्यतीत कर देते है। वे लोग खेलकूद और बाहरी दुनिया से दूरी बना ली है। मैं खेल कर अच्छा प्रदर्शन कर दिखाना चाहूंगी कि मोबाइल गेम, डिजिटल दुनिया के बाहर भी एक दुनिया है। जिसमें खेलकूद कर अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। साथ ही स्वस्थ भी रह सकते है। उन्होंने विश्वास जताया कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कोतबा नगर व जशपुर जिले का नाम रौशन करेगी। देश के लिए मेडल प्राप्त करने में जरूर सफल होगी।

### इन्होंने दी शुभकामनाएं

संस्था के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पार्षद सुदर्शन पटेल, परमानंद पैकरा, कुसुम पैकरा, सकीला कवर, महेश अग्रवाल, संतोष साहू, गोविंद साहू, सेवाल साय, श्याम सुंदर द्विवेदी, संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं व नगरवासियों ने विमला कुजूर को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए फूल माला पहना कर स्वागत किया।

## छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर महेशपुर में 3 नए पीएम आवासों का कराया गया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र ग्राम पंचायत महेशपुर में शनिवार को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न कराया गया। महेशपुर के सरपंच केदार नाग ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में कुल 147 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत हुआ है। जहां कुछ हितग्राहियों ने पहले पहले ही अपना सपनों का आशियाना तैयार कर गृह प्रवेश कर चुके थे। शनिवार को गांव के तीन हितग्राहियों को गृह प्रवेश कार्यक्रम कराया गया। जिसमें महेशपुर गौटियापारा निवासी लक्षण यादव, धनेश्वर यादव व हितग्राही सुलोचना यादव का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार आवास शामिल रहा। लाभार्थी सुलोचना यादव ने बताया कि वे वर्षों से कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ गुजर बसर करते थे और बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता था। जहां अब पक्के मकान का निर्माण होने के बाद वे और उनके परिवार बहुत खुश हैं ।



### मकान नहीं बना

सकती थी और शासन ने उसे पक्का मकान देकर हमें होने वाली समस्याओं को दूर किया है। लुड़ेग तमता मंडल के महामंत्री विनोद यादव द्वारा सभी हितग्राहियों के घर पहुंच कर गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विधि-विधान से ईस्ट देव की पूजा पाठ कर गृह प्रवेश कराया गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ग्राम कुकरगांव के जनपद सदस्य कुमारी नाग, स्थानीय सरपंच केदार नाग एवं पंच मोदो बाई नाग, जानी बाई नाग, अलका बेक, बिकेश्वर नाग, रोजगार सहायक महेंद्र यादव, आवास मित्र सोनामती एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मामूली कहा सुनी में युवक पर ब्लेड से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शराब के नशे में उपजा मामूली झगड़ा शुक्रवार रात जशपुर जिले के बगीचा में खूनी संघर्ष में बदल गया। शराब दुकान के बाहर बैठे दो युवकों के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर अचानक एक युवक ने दूसरे पर ब्लेड से हमला कर दिया। लहूलुहान युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

- घायल की हालत नाजुक, अंबिकापुर रेफर
- आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने शुरू की जांच

मिली जानकारी के अनुसार घटना बगीचा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित शराब दुकान के बाहर की है। जानकारी के अनुसार दिलीप जायसवाल निवासी बगीचा और बाबा डेन्जारे नामक युवक शुक्रवार की रात दुकान के सामने शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों में पहले जुबानी बहस हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला हाथापाई में बदल गया। गुस्से में आकर बाबा डेन्जारे ने अपनी जेब से ब्लेड निकाल ली और दिलीप जायसवाल के गले और चेहरे पर हमला कर दिया। वार इतना तेज था कि दिलीप मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा।



### युवक के गले, जबड़े पर गहरे घाव

हमले के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और बगीचा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि दिलीप के गले और जबड़े पर गहरे घाव हैं, जिससे उसकी स्थिति गंभीर है। बेहतर उपचार के लिए उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज नहीं मिलने पर जान का खतरा भी हो सकता था। फिलहाल डॉक्टरों की टीम उसकी हालत पर लगातार नजर रखे हुए है।

### आरोपी से की जा रही पूछताछ

घटना की जानकारी मिलते ही बगीचा थाना प्रभारी गौरव पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटना स्थल से खून से सनी मिट्टी और ब्लेड बरामद कर साक्ष्य जुटाए। आरोपी बाबा डेन्जारे को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जहां उससे पूछताछ जारी है।

## बाल विवाहों की रोकथाम के लिए रहना होगा सजग




**जशपुरनगर।** देवउठनी एकादशी से शुरू होने वाले शादी-विवाह के मौसम के मद्देनजर जिले में बाल विवाह के खिलाफ मुहिम चला रहे गैर सरकारी संगठन एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने जिला प्रशासन व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) से बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी और अत्यधिक सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। संगठन ने जिला प्रशासन को भेजी गई चिट्ठी में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कड़ी चौकसी की अपील की है ताकि ऐसी कोई भी घटना प्रशासन की जानकारी से ओझल नहीं रह सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही, जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना आवश्यक है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास किसी संभावित बाल विवाह की जानकारी है तो वह तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय थाने को सूचित करें ताकि इस अपराध को रोका जा सके। संगठन ने एक नवंबर से शुरू हो रहे शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन से सरपंचों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की बात कही है।

- एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने जिला प्रशासन को लिखा पत्र

## पर्यटन को बढ़ावा देने 6 से जशपुर जम्बुरी कार्यक्रम

# मयाली नेचर कैंप बना पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जशपुर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 6 से 9 नवंबर तक जशपुर जम्बुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मयाली नेचर कैम्प जशपुर में जल क्रीड़ा का नया रोमांचक गंतव्य स्पीड बोटिंग, कयाकिंग, एक्वा साइक्लिंग और बाउंस बोट का भी पर्यटन आनंद उठा पाएंगे।

- मुख्यमंत्री साय के निर्देशन में होगा जिले में यह आयोजन

जशपुर की हरी-भरी वादियां जलाशय हरे-भरे जंगलों, झरनों और पहाड़ियों से घिरे जशपुर जिले का मयाली नेचर पार्क अब रोमांच और जल क्रीड़ा प्रेमियों के बीच आकर्षण केंद्र बन गया है। शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य से भरे इस स्थल में अब एडवेंचर का नया रंग जुड़ चुका है। स्पीड बोटिंग, कयाकिंग, एक्वा साइक्लिंग और बाउंस बोट जैसी गतिविधियां यहां के पर्यटन अनुभव को और भी यादगार बना रही हैं। वहीं मयाली जलाशय की स्वच्छ और विस्तृत झील अब ⏭ शेष पेज 4 पर



**प्रकृति, रोमांच व संस्कृति का संगमः** जशपुर जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की यह पहल न केवल जिले के प्राकृतिक आकर्षणों को एक नया स्वरूप दे रही है, बल्कि इसे छत्तीसगढ़ के प्रमुख इको-टूरिज्म एवं एडवेंचर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। मयाली नेचर पार्क अब केवल एक पिकनिक स्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव स्थल बन चुका है, जहां प्रकृति, रोमांच और संस्कृति तीनों का सुंदर संगम दिखाई देता है। झील के किनारे से उठती ठंडी हवा, पानी पर चमकती धूप की लहरें और दूर से आती बोट की आवाज, यह सब मिलकर एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो हर पर्यटक के मन में जशपुर की याद हमेशा के लिए बसा देता है।

### एक्वा साइक्लिंग लोकप्रिय गतिविधियों में एक

परिवारों और युवाओं के बीच एक्वा साइक्लिंग सबसे लोकप्रिय गतिविधियों में से एक बन रही है। पानी पर चलती यह विशेष साइकिल रोमांच के साथ-साथ मनोरंजन का बेहतरीन मिश्रण पेश करती है। यह उन लोगों के लिए है जो शांति के साथ रोमांच तो चाहते हैं। वहीं बच्चों और समूह पर्यटकों के लिए बाउंस बोट पूरी तरह मस्ती से भरा अनुभव है। नाव पर हंसी, शोर और उमंग का माहौल पूरे झील क्षेत्र को जीवंत बना देता है। इन सभी गतिविधियों को सुरक्षा मानकों और प्रशिक्षित स्टाफ की निगरानी में संचालित किया जा रहा है। हर प्रतिभागी के लिए लाइफ जैकेट और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षित गाइड और स्थानीय युवाओं को भी इसमें शामिल किया गया है, जिससे यह पहल न केवल पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्थानीय रोजगार सृजन में भी योगदान दे रही है।

## पुनरीक्षण प्रक्रिया संबंधी दी गई जानकारी




**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के सफल संचालन के लिए शनिवार को स्वामी आत्मानंद विद्यालय सभागार जशपुर नगर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर विकासखंड के सेक्टर अधिकारी, सुपरवाइजर एवं बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर द्वारा पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि बीएलओ की भूमिका इस कार्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन एवं अद्यतन करेंगे। मृत मतदाताओं की जानकारी, नए मतदाता जोड़ने और आवश्यक सुधार का कार्य पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाना आवश्यक है ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम न छूटे। एसडीएम विश्वास राव मस्के ने प्रशिक्षण के दौरान सभी को तैयारियों की जानकारी दी तथा विशेष पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### विधायक शकुंतला पोर्ते ने छात्राओं को वितरित की साइकिल

**प्रतापपुर।** शासकीय हाई स्कूल गणेशपुर में सरस्वती निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते उपस्थित हुई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने माता सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया और स्कूल की छात्राओं को सायइक वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने शाला के बच्चों को सम्बोधित करते हुए जीवन में सफलता के कई सुझाव दिए। साथ ही कई प्रासांगिक कहानियां भी सुनाई। विधायक ने बताया कि सरस्वती सायकल योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने पहले कार्यकाल में किया था और उनकी यह योजना बच्चीयों को शाला से जोड़ने में बहुत कारगर सिद्ध हुई। यह योजना आज भी प्रासंगिक है और बच्चियों के लिए शाला की दूरी को कम करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपनत्व की भावना के साथ बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देनी चाहिए। शिक्षा मनुष्य के जीवन की पहली और प्राथमिक आवश्यकता है। विधायक ने शाला की मांगपत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विधायक मद से शाला प्रांगण के लिए अहाता निर्माण और खेल मैदान के समतलीकरण की घोषणा की। इस दौरान मुकेश तायल, अवधेश पांडेय, कृष्णा प्रसाद सोनी, सियाराम, श्रीमती रामबाई, संतोष बरगाह प्रदीप सिंह, जोगेन्दर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरस्वती साईकल योजना के तहत 25 छात्राओं को प्रदान की गई साईकल



**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर (शिक्षा) में शुक्रवार को पालक-शिक्षक बैठक एवं सरस्वती साइकल वितरण कार्यक्रम किया गया,इस योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं की 25 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया,इस दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं परीक्षा परिणाम पर चर्चा की गई, कार्यक्रम में विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष कृष्णपाल बिंझिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, जयनगर थाना से एएसआई केश्वर मरावी, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद, जनपद सदस्य प्रतिनिधि नकुल राम, एमडीसी सदस्य विरेन्द्र कुमार, ब्रहमदेव, जाहिद अली, श्रीमती एकरी देवी, श्रीमती प्रेमलता व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुफियाना खलखो ने किया, मंच संचालन डॉ. राजेश्री नारायण द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनीता सिंह,शिमला गुप्ता, उषा बेला, ज्योति शर्मा,आराधना कुशवाहा, जया साना, कृति कुमार व अन्य सक्रिय रहे।

### ओपीएस मिनी स्पोर्ट्स में अश्वित घोष बने चेस चैम्पियन



**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल प्रांगण में चल रहे मिनी स्पोर्ट्स में गुरूवार को शतरंज स्पर्धा हुई। स्पर्धा में टैगोर, कलाम, शेक्सपीयर एवं आईस्टीन हाउस के खिलाड़ियों ने भागीदारी की। बालक वर्ग में शेक्सपीयर हाउस के अश्वित घोष प्रथम, प्रतीक बंसल द्वितीय एवं आरूष गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालिका वर्ग में कलाम हाउस की अदिति मिश्रा प्रथम, नव्या गुप्ता द्वितीय एवं आयुषी चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉज बॉल बालिका वर्ग का फाइनल मैच कलाम और आइंस्टीन हाउस के बीच खेला गया जिसमें कलाम हाउस 11-9 से विजयी रही। विजेता खिलाड़ियों में एन्जल शिफा बड़ा, नेहा यादव, अनुष्का सिंह, अराधना मुण्डा, गरिमा गायकवाड़, अर्पिता पाल, यासमिन परवीन है। प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने विजयी हाउस के विद्यार्थियों को बधाई दी।

### कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इसी सिलसिले में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले में कार्यक्रम के संचालन के बारे में राजनीतिक दलों की बैठक ली। साथ ही प्रेस वार्ता लेकर विस्तार से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में संबंधितों को जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जो घोषणा की है। जिसे 6 चरण में पूरा किया जाएगा। मुद्रण प्रशिक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलेगा। इसके पश्चात घर-घर जाकर सत्यापन कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। जिसके बाद मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा। दावे और आपत्ति करने की अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक निर्धारित की गई है। पांचवें चरण में सुनवाई और सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी को होगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि,जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़ रही खेतों में लेटी व खड़ी फसल

# बारिश में पांच दिनों से भींग रही धान की बालियों से निकलने लगे अंकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से रूक-रूककर हो रही बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। तेज हवा एवं बारिश के कारण धान की तैयार फसल खेतों में लेट गई है वहीं काटने के बाद सूखने के लिए रखी गई फसल लगातार भींगने के बाद खराब हो रही है तथा धान की बालियों में अंकुर निकल गए हैं। फसल की हालत देख के किसान काफी निराश है।

**खास बात**

- किसानों को सता रही कृषि ऋण की चिंता

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से हुई बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। तूफान के प्रभाव से पिछले पांच दिनों से छिटपुट बारिश हो रही है वहीं कुछ इलाकों में घने बादल छाने के साथ ही रूक-रूक कर बारिश हो रही है। बारिश ने धान की पकी फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस बार निर्धारित समय के पूर्व मानसून की वर्षा होने के कारण चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के किसानों ने समय पर धान की रोपाई कर दी थी। बीच-बीच में पर्याप्त वर्षा होने के कारण धान की फसल एक सप्ताह पूर्व पककर तैयार हो गई। किसान लगभग आधी फसल ही काट पाए थे कि चक्रवाती तूफान मोंथा सक्रिय हो गया तो रूक-रूककर बारिश होने लगी। इस दौरान मौसम का हाल देख कुछ किसानों ने अपनी फसल की मिसाई कर ली जबकि शेष किसानों की फसल खेतों में पड़ी रह गई। तेज हवा के साथ बारिश होने के कारण धान की खड़ी फसल लेट गई वहीं काटने के बाद सूखने के लिए रखी गई धान की फसल बारिश में भीगती रही। खेतों में बारिश का पानी भरने के कारण धान की खड़ी फसल एवं काटी गई फसल के लगातार बारिश में भींगने के कारण बालियों व पैरा का रंग बदल गया है तथा बालियों से धान के अंकुर निकल रहे हैं। स्थिति देखकर किसान खेतों में पड़े-पड़े खराब हो रही फसल को उठाकर मेड़ों पर रख रहे हैं ताकि बची-खुची फसल को पानी से बचाया जा सके। फसल की हालत देख किसान काफी निराश हैं तथा उन्हें कृषि ऋण के भरपाई की चिंता सता रही है। किसानों का कहना है कि बारिश में भींगी फसल के दाने काले पड़ गये हैं ऐसे में समिति में उनकी धान नहीं खरीदी जाएगी तथा उनके कृषि ऋण का भुगतान नहीं हो सकेगा। भीगी फसल का उत्पादन भी आधा हो जाएगा। ग्राम कछवारी निवासी कृषक राजेश जायसवाल ने बताया बारिश में लगातार भींगने के कारण धान की बालियों से अंकुर निकल रहे हैं तथा अधिकांश धान सड़ रहा है। ऐसे में कृषि ऋण की भरपाई कैसे होगी इसकी चिंता परेशान कर रही है।

ग्राम कोल्हुआ के किसान अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि बारिश से खड़ी फसल खेतों में लेट गई है। काटी गई एवं लेटी फसल की बालियों से अंकुरण हो रहा है। इस बार क्षेत्र के किसान अपने कृषि ऋण की भरपाई नहीं कर पाएंगे।



बारिश से भींगे धान की फसल।



अंकुरित धान।

### झड़ रहे दाने

बारिश से बची-खुची फसल को बचाने किसान खेतों में रखे धान को सूखने के लिए मेंड़ों पर रख रहे हैं। किसानों का कहना है कि अंकुर निकलने के कारण भींगी फसल को उठाते ही धान के दाने खेतों में झड़ जा रहे हैं। कोई दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण किसान बारिश में खराब हो रही फसल को बचाने की मशक्कत कर रहे हैं। अच्छी धूप नहीं निकलती है तो खेतों में लेटी फसल को काटना संभव नहीं है। प्रभावित किसान अब धूप निकलने का इंतजार कर रहे हैं।

### इन गांवों में अधिक क्षति

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ चांदनी बिहारपुर अंतर्गत पहाड़ी एवं मैदानी दोनों ही क्षेत्र के गांवों में बेमौसम बारिश से भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र के ग्राम महुली, कोल्हुआ, अवन्तिकापुर, नवगई, उमझर, रामगढ़, खोहिर, पासल, मोहरसोप, खैरा, करौटी ए, जुड़वनिया, कछिया, नवाटोला, सफहा, कुबेरपुर, हाड़पाथर, पेंडारी, कांतिपुर, विशालपुर, सेमरा, देवढ़ी आदि में बारिश से अधिकांश किसानों की फसल खराब हो गई है। प्रभावित किसान शासन से राहत मिलने की उम्मीदें लगाए हैं। बेमौसम बारिश से क्षेत्र की 30 फीसदी धान की फसल खराब होने का अनुमान है।

### दिए हैं आकलन के निर्देश

बारिश से धान की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ने की शिकायत मिली है। सभी हल्का पटवारियों को फसल क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन को रिपोर्ट भेजकर क्षतिपूर्ति भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

-विंदेश्वर प्रजापति
तहसीलदार, बिहारपुर



## चक्रवाती मोंथा के कारण बारिश से धान को पहुंचा नुकसान, किसानों में निराशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान मोंथा का असर अब नगर समेत आसपास इलाके में भी देखने को मिल रहा है, गुरुवार की देर रात आई तेज हवाओं और झमाझम बारिश ने किसानों की खड़ी धान फसल को गहरा नुकसान पहुंचाया है, कई गांवों के खेतों में पानी भर गया है, वहीं कई जगहों पर धान की फसलें झुककर सड़ने लगी हैं,किसानों की मानें तो उनकी पूरे साल की मेहनत अब पानी में बहती नजर आ रही है।आसपास के इलाकों में फसलों की स्थिति बेहद दयनीय बताई जा रही है,किसानों ने बताया कि पहले ही असामयिक वर्षा और कीट संक्रमण से फसलें प्रभावित थीं,अब मोंथा तूफान की बारिश ने बची हुई उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया है,खेतों में पानी भर जाने से कटाई प्रभावित हो रही है और जो किसान किसी तरह फसल काट भी रहे हैं, वे इसे खलिहान तक पहुंचाने में असमर्थ हैं।किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत तत्काल सर्वे और मुआवजा वितरण की मांग कर रहे हैं, उनका कहना है कि अगर शीघ्र राहत नहीं मिली तो वे आगामी रबी सीजन की बुवाई शुरू नहीं कर पाएंगे, किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि क्षति का मूल्यांकन युद्धस्तर पर कराया जाए ताकि प्रभावितों को त्वरित आर्थिक सहायता दी जा सके,पंचायत प्रतिनिधियों ने भी कहा कि प्रशासन को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपदा राहत दल तैनात करना चाहिए। कई खेतों में अब भी पानी भरा है जिससे फसलें पूरी तरह सड़ने का खतरा बना हुआ है,क्षेत्रीय कृषि अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक सर्वे में करीब 60 से 70 प्रतिशत फसल प्रभावित बताई जा रही है,इस प्राकृतिक आपदा ने एक बार फिर किसानों के सामने आर्थिक संकट की गहरी चुनौती खड़ी कर दी है,खेतों में लहलहाती फसल अब तूफान की मार से लाचार होकर जमीन पर बिछी दिखाई दे रही है।

## सीनियर सिंगल डांस ऑडिशन में 80 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, 25 पहुंचे सेमीफाइनल में

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था के तत्वावधान में सीनियर सिंगल डांस श्रेणी का ऑडिशन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर टॉप 25 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें न केवल भारत के विभिन्न राज्यों से बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी कलाकारों ने भाग लिया। साथ ही मुंबई, दिल्ली, पंजाब, बनारस और अयोध्या जैसे प्रमुख शहरों से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक दुबे, अभिषेक शर्मा, रूपेश दुबे, संतोष दास, दिनेश शुक्ला, शोभनाथ सिंह, गोल्डी बिहाड़े, कमलेश तिवारी, अजय सोनी, अनिल जायसवाल, मनोज कंसारी, रविन्द्र साहू और बबलू गुप्ता रहे। निर्णायक मंडल में श्रीमती रवीन्द्र कौर, लावण्या सिन्हा, श्वेता सिन्हा, चैती अग्रवाल, चेतना जैन, मिताली गुप्ता, अनिकेत कुमार सिंह, रणविजय सिंह, चंद्रशेखर तिवारी और नासिर ख़ान शामिल रहे। सभी निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा युवाओं को मंच प्रदान करने का यह प्रयास न केवल कला के विकास में सहायक है, बल्कि नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी देता है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सुर्यप्रकाश साहू, अभय साहू, लालजी साहू, समीद मुंडा, मुनेश्वर, सुनील साहू, गोपी साहू, वीरेंद्र साहू, मनोज अग्रवाल, दिलीप श्रीवास्तव, गजानंद, विकास, रूपेश, निशांत, सचिन, विक्की, उदय, संजय एवं अन्य सदस्य सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



## शहादत पर पूर्व पीएम इंदिरा को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी के 31वें शहादत दिवस पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- याद किए गए लौहपुरुष सरदार पटेल

इस दौरान आयोजित सभा मे प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा देश को दिए गए योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि देश की जनता में संसाधनों के समतामूलक बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। इसके परिणामस्वरूप लंबे समय तक इस देश मे आर्थिक असमानता पर लगाम लगी हुई थी। लेकिन पिछले 11 वर्षों में भाजपा के शासन में पूंजीपतियों के हित में बैंकिंग प्रणाली को जिस प्रकार से नष्ट किया गया उससे देश मे आर्थिक असमानता बढ़ी है। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं जबकि गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। बढ़ती महंगाई ने मध्यवर्ग को भी आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है।

इस दौरान सेवादल अध्यक्ष लोकेश कुमार, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, संजय विश्वकर्मा, मो इस्लाम, इरफान सिद्दकी, श्रीमती मधु दीक्षित, नुरुल अमीन सिद्दकी, दुर्गेश गुप्ता, अनूप मेहता, अशफाक अली, विनोद एक्का, जीवन यादव, प्रमोद चौधरी, दीपक मिश्रा, अविनाश कुमार, शिवप्रसाद अग्रहरि, सीमा सोनी, प्रीति सिंह, संध्या रवानी, सपना सिन्हा, नूतन एक्का, रूही गजाला, अनीता सिन्हा, श्रीमती हमीदा, उर्मिला विश्वास, ममता सिंह, संगीत मिंज आदि मौजूद थे।




### राष्ट्रीय एकता पुनः स्थापित करने का संकल्प लिया गया

31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने राष्ट्रीय एकता को पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि स्वतंत्र भारत का आज जो स्वरूप हमारे सामने है वो लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के फलस्वरूप है। उन्होंने 562 रियासतों का विलीनीकरण कर मौजूदा अखंड भारत की रचना कर एकता स्थापित की। लेकिन वर्तमान सत्ता अंग्रेजों के नक्शेकदम पर बांटो और राज करो की नीति अपनाते हुए देश को धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांटने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की सच्ची राजनैतिक विरासत को धारण करने वाली कांग्रेस पर एकबार फिर देश मे एकता, समरसता और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की जिम्मेदारी आ गई है।

## राष्ट्रीय एकता दौड़ में स्कूली बच्चों के साथ अधिकारियों- कर्मचारियों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड पुराना रेस्ट हाउस, जिला कोर्ट के सामने से प्रारंभ होकर स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न हुई। दौड़ में अधिकारी, कर्मचारी के साथ स्कूली बच्चे व नागरिको ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। दौड़ का शुभारंभ कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। दौड़ के माध्यम से कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, नागरिकों, स्कूली बच्चों को देश भक्ति, एकता, अखंडता साथ ही समाज में शांति व सद्भावना बनाए रखने तथा देश के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने व एकता दिवस की शपथ दिलाई। दौड़ के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एकता दिवस की शपथ ली। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, मुरली मनोहर सोनी, शशीकांत गर्ग, शैलेंद्र अग्रवाल, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी शरदेन्दु कुमार शुक्ल व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।





### एसएसपी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन में पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। साथ ही सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इसके अलावा जिले के सभी थाना-चौकी में भी राष्ट्रीय एकता दिवस का शपथ लिया गया। इस दौरान एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय सहित काफी संख्या में पुलिस के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

### कोयलांचल नगरी मे राष्ट्रीय एकता दिवस पर संस्थानों में कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रम किए गए। डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती के मार्गदर्शन में प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्या द्वारा विद्यालय परिवार को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए सत्य व निष्ठापूर्वक एकता शपथ दिलवाई गई। प्राचार्या अनामिका भारती ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा हम सभी देशवासियों के लिए सर्वोपरि है। हमें विषम परिस्थितियों में भी राष्ट्र की सुरक्षा और एकता को बनाए रखते हुए सद्भावना का परिचय देना है, विद्यालय की अध्यापिका प्रेरणा ओझा, छात्रा मान्यता जायसवाल व सौम्या यादव ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय एकता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल को महान राष्ट्र नायक बताया और देश के प्रति उनके महान योगदान को प्रकाशित किया। इस दौरान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एलआर साहू व क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता दौड़ आयोजित की गई, जिसमे सभी स्वयंसेवकों, छात्र छात्राओं एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भाग लिया,इसी तरह बिश्रामपुर पुलिस व जयनगर पुलिस द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस कर्मियों के साथ एकता दिवस पर सद्भावना दौड़ किया गया। जयनगर पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत जयनगर भवन में सद्भावना दौड़ उपरांत शपथ दिला उपस्थित जन को साइबर ठगी व अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस दौरान बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर,जयनगर टीआई रूपेश कुंतल एक्का व स्थानीय जनप्रतिनिधि सक्रिय रहे।



### एकता दिवस के रूप में मनाया गया सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन

**प्रतापपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल का 150 वां जन्मदिन एकता दिवस के रूप में मनाया गया। शिक्षक और छात्र,छात्राओं द्वारा एकता दिवस का शपथ लिया। शिक्षिका कुमारी सुदीप्ति मिंज द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी के बारे में छात्र, छात्राओं को बताया। इस दौरान प्रधान पाठक सचिन कुमार जायसवाल, शिक्षक वीरेंद्र कुमार जायसवाल, खगेश्वर प्रसाद रात्रे, कुमारी सुदीप्ति मिंज, प्रधान पाठक मनीलाल बेक, कमलेश कुमार जायसवाल, प्रफुलित एक्का, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता सिंह, सहायिका सुहानों सिंह एवं लखन सिंह और विजय सिंह उपस्थित रहे।





### एकता दौड़ के साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को दी गई श्रद्धांजलि

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र में आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दौड़ बचवार गणेश चौक से प्रारंभ होकर शंकरगढ़ ग्राउंड स्टेडियम में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने भाग लिया। रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ एसडीएम अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता, अखंडता और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें समाज में सौहार्द, अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने की दिशा में कार्य करना चाहिए। जनपद अध्यक्ष चिंतामणि भगत ने कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि देश की विविधता ही हमारी शक्ति है। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष प्रियंबदा सिंह देव, सरपंच अनीता पन्ना, थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल, एसडीएम अनमोल टोप्पो, नायब तहसीलदार गजराज सिंह,प्राचार्य डॉ. पुनीत राय सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर केआर टेक्निकल कॉलेज में व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने कहा कि आज हम भाषा, धर्म, प्रांत या क्षेत्र के नाम पर एक-दूसरे से दूरी बना रहे हैं जबकि भारत की असली शक्ति उसकी विविधता में है। दुर्भाग्यवश अब हम मराठी, छत्तीसगढ़ी, तमिल, तेलगु, मलयालम और बंगाली जैसी भाषाओं के आधार पर भी देश में बांटने लगे हैं। यदि यह प्रवृत्त जारी रही, तो कल गांव और शहर के नाम पर भी यह विभाजन होने लगेगा। निश्चय ही लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल स्वर्ग से यह देखकर प्रसन्न नहीं होंगे। उन्होंने जिस भारत को एक सूत्र में पिरोया, हमें उसे और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी पहली पहचान भारतीय है। सरदार पटेल का एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना तभी सकार होगा, जब हम विविधता को सम्मान पूर्वक स्वीकार करें और एकता को अपने जीवन का संस्कार बनाएं। डायरेक्टर डॉ.रीनू जैन ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई तथा देश की अखंडता, एकता और समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। सहायक प्राध्यापक विनोद चौधरी ने सरदार पटेल के जीवन और राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विनितेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।





# बाहुबली द एपिक में दिखे डिलीटेड सीन ऐसे हुई थी बाहुबली की रियल एंट्री

**नई दिल्ली।** डायरेक्टर एस.एस राजामौली ने अपनी मास्टरपीस फिल्में बाहुबली द बिगनिंग (2015) और बाहुबली द कंक्लूजन (2017) को मिलाकर एक फिल्म 'बाहुबलीः द एपिक' बनाई, जो 31 अक्टूबर को वर्ल्ड वाइड रिलीज हो चुकी है। 'बाहुबलीः द एपिक' ने रिलीज होते ही थिएटर में धमाका मचा दिया है, क्योंकि फिल्म में वो डिलीटेड सीन देखने को मिल रहे हैं, जो पहले दो पार्ट में नहीं देखने को मिले हैं। दर्शक इस डिलीटेड सीन पर कितना चीयर कर रहे हैं। दरअसल, इस डिलीटेड सीन में देखा जा रहा है कि फिल्म के दूसरे पार्ट में देवसेना के बेटे अमरेंद्र बाहुबली की एंट्री किसी और तरीके से हुई थी और 'बाहुबली द एपिक' में किसी और स्टाइल में दिखाई जा रही है। इसमें भल्लालदेव के पिता विट्ठल देव गुस्से में दिख रहे हैं और वहीं, उनके डायलॉग के साथ-साथ देवसेना के सामने उसके बेटे की दमदार एंट्री हो रही है।

## लाइफ Style

# अनीत

## जानवरों के साथ तस्वीरें और वीडियो किए शेयर

'सैयारा' फेम अनीत पड्डा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर यहां अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जानवरों के साथ कई बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। तस्वीरों के साथ अनीत पड्डा ने एक खूबसूरत पोस्ट लिखी है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनीत पड्डा ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमें वह कुत्ते और बिल्लियों के साथ नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में वह बिल्लियों के पास बैठी हैं। एक वीडियो में वह कुत्ते को गोद में लिए हुए हैं। एक वीडियो में अनीत पड्डा बिल्लियों से प्यार कर रही हैं। एक और तस्वीर में वह पौधा लगाते हुए नजर आ रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अनीत पड्डा ने उस संगठन की तारीफ की जो जानवरों को पाल रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'इन आत्माओं के साथ कुछ समय बिताया जो बिना किसी भाषा के प्यार करते हैं। इन प्यारे जानवरों के साथ मुझे समय बिताने और बदले में इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद।' अनीत पड्डा की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'आप बहुत दयालु हैं।' एक और यूजर ने लिखा है 'अनीत मैडम आप बहुत खूबसूरत हो।' एक और यूजर ने कहा है 'आप शुरू से अब तक चमक रही हो'। आपको बता दें कि अनीत पड्डा 18 जुलाई को रिलीज हुई फिल्म 'सैयारा' में अहान पांडे के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 579.23 करोड़ रुपये का कारोबार किया। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों से तारीफें मिलीं। अनीत पड्डा हॉरर कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आने वाली हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# स्टैंड बाई मी ने बना दिया स्टार

**नई दिल्ली।** रिवर फीनिक्स एक ऐसा नाम है जो हॉलीवुड में सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि एक वादा था। एक वादा जो अधूरा रह गया। कहा जाता है कि फीनिक्स पक्षी राख से पुनर्जन्म लेता है, लेकिन रिवर फीनिक्स की कहानी कुछ अलग थी। वह राख से तो उठा, पर उड़ान पूरी करने से पहले ही बुझ गया। रिवर ने सिर्फ 10 साल की उम्र में टीवी से अपने कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन 1986 में आई फिल्म स्टैंड बाई मी ने उन्हें स्टार बना दिया। इस फिल्म में उनका मासूम लेकिन गहराई से भरा अभिनय आज भी याद किया जाता है। इसके बाद 'रनिंग ऑन एम्प्टी' में उनका प्रदर्शन इतना शानदार था कि उन्हें 'ऑस्कर नॉमिनेशन' तक मिला। निर्देशक सिडनी ल्यूमेट ने एक बार कहा था, 'रिवर के अंदर एक पुरानी आत्मा थी, जो अपने उम्र से कहीं ज्यादा समझदार थी।'



# नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई द विचर सीजन 4

**नई दिल्ली।** लियाम हेम्सवर्थ अपनी लेटेस्ट रिलीज के साथ हेनरी कैविल का किया काम संभाल रहे हैं। एक्टर इन दिनों नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुए 'द विचर'सीजन 4 में रिविया के गेराल्ट के रूप में नजर आ रहे हैं। शो के निर्माताओं के अनुसार, नए सीजन में गेराल्ट, येनेफर और सिरी की कहानी जारी रहेगी, जिन्हें पूरे महाद्वीप में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। हेनरी केविल ने साल 2022 में इस भूमिका से अलग होने का फैसला किया था जिसके बाद लोनली प्लानेट एक्टर को गेराल्ट के रोल के लिए चुना गया। अपने इंस्टाग्राम पर एक्टर ने एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी। एक्टर ने लिखा, "गेराल्ट ऑफ रिविया के रूप में मेरी यात्रा राक्षसों और रोमांच दोनों से भरी हुई है और अफसोस, मैं सीजन 4 के लिए अपने पदक और अपनी तलवारें रख दूंगा। हालांकि, फैंस हेनरी केविल की जगह एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रशंसक मुखर रहे हैं, और उन्होंने इस सीजन को निरर्थक, भ्रमित करने वाला और अपने चरम से बहुत दूर कहा है। द विचर सीजन 4 30 अक्टूबर को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गया है।



# 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट आगे बढ़ी

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में डेविड के बेटे और बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में वरुण के साथ दो अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की रिलीज डेट बदल दी गई है। पहले यह अप्रैल 2026 में आने वाली थी, लेकिन अब यह 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े की केमिस्ट्री नजर आएगी। रॉम कॉम फिल्म को लेकर वरुण के फैंस बेहद उत्साहित हैं। वरुण धवन ने आज इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की एक तस्वीर शेयर की। जिसमें नारियल के पेड़ों के साथ बीच में लिखा फिल्म का नाम 'है जवानी तो इश्क होना है'।



# कोरियन एक्टर डॉन ली की स्पिरिट में हुई एंट्री

**मुंबई।** साउथ इंडियन सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' में अब एक रोमांचक मौड़ आया है। इस फिल्म से अब एक कोरियन एक्शन एक्टर जुड़ गए हैं। मेकर्स ने ऐलान किया है कि ट्रेन टू बुसान'और इटर्नल्स के लिए मशहूर एक्टर डॉन ली ने संदीप वांदा रेड्डी की एक्शन फिल्म 'स्पिरिट' साइन कर ली है। फिल्म स्पिरिट को संदीप रेड्डी वांगा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो कबीर सिंह और एनिमल जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस महीने प्रभास के जन्मदिन पर पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में फिल्म स्पिरिट का 'साउंड स्टोरी' टीजर जारी हुआ था। इस फिल्म में प्रभास और डॉन ली के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। कथित तौर पर पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन शेड्यूल की समस्या से उन्होंने फिल्म छोड़ दी।

## टीवी मसाला



# शो लाफ्टर शेफ्स 3 का हिस्सा बने विवियन डीसेना

**नई दिल्ली।** टीवी के हार्टथ्रोब विवियन डीसेना के फैंस के लिए सेलिब्रेशन का टाइम है। लंबे समय से ये कयास लगाए जा रहे थे कि विवियन एकता कपूर के शो नागिन 7 में नजर आएंगे। सीरियल में वो ड्रैगन का करेक्टर निभाने वाले थे। एक्टर फाइनली एक लंबी पारी के बाद टीवी पर लौट जरूर रहे हैं, लेकिन दूसरे शो के साथ। दरअसल, विवियन टीवी के पॉपुलर किचन शो लाफ्टर शेफ 3 से वापसी कर रहे हैं। इस शो में कई और नई स्टार कास्ट को शामिल किया गया है। वहीं, जज के तौर पर हरपाल सिंह सोखी और होस्ट के तौर पर भारती सिंह शो में वापसी करेंगे। सीजन 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। नवंबर 2025 से इसका टेलिकास्ट भी शुरू हो सकता है। विवियन ने इसका एक बीटीएस वीडियो भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें वह अपनी वैनिटी वैन में शूटिंग के लिए तैयार होते नजर आ रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम उन्हें सेट पर पहुंचते और लोकेशन पर मौजूद फोटोग्राफर्स के सामने पोज देते हुए नजर आए। इसके अलावा, उन्होंने सेट पर अपने को-कंटेस्टेंट एल्विश यादव, अभिषेक कुमार, ईशा मालवीय और कृष्णा अभिषेक सहित अन्य कलाकारों से मिलते हुए देखा गया। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- पहले दिन के कुछ मोमेंट्स शेयर कर रहा हूं। हमेशा आप सभी का शुक्रगुजार रहूंगा।

## अर्जुन की बर्थ डे पार्टी में शामिल हुए टीवी सेलेब्स

**नई दिल्ली।** अर्जुन बिजलानी की बर्थ डे पार्टी टीवी के कई सेलेब्स पहुंचे। यह अर्जुन के करीबी दोस्त हैं। इस सेलिब्रेशन में पैपराजी भी शामिल हुए। अर्जुन ने पत्नी के साथ अपना जन्मदिन का केक काटा।



बाद में कई सेलेब्स उनकी बर्थ डे पार्टी में शामिल हुए। अर्जुन बिजलानी ने पत्नी के साथ केक काटा। इसके बाद आगे बढ़कर पैपराजी को केक खिलाया। अर्जुन ने अपनी करीबी दोस्तों को पार्टी में बुलाया था। तेजस्वी प्रकाश, जन्नत जुबैर के साथ पार्टी में पहुंचीं। साथ ही ईशा मालवीय भी अर्जुन की बर्थ डे पार्टी का हिस्सा बनीं। ब्लैक गाउन में वह काफी खूबसूरत नजर आ रही थीं। सना खान भी अर्जुन की बर्थ डे पार्टी में शामिल हुईं। अर्जुन बिजलानी टीवी पर 'नागिन' जैसा हिट शो कर चुके हैं। कई रियलिटी शो का हिस्सा रहे हैं, एंकरिंग भी करते हैं। हाल ही में अर्जुन ने शो 'राइज एंड फॉल' में हिस्सा लिया था। इस शो में कमाल का गेम खेलते हुए वह विनर बने। इस शो में भोजपुरी स्टार पवन सिंह भी नजर आए थे।

# इजरायल में शुरू हुआ भारतीय फिल्म महोत्सव पद्मावत समेत दिखाई जाएंगी ये मशहूर फिल्में

**नई दिल्ली।** हाल ही में इजरायल के हाइफा में भारतीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन हुआ। हाल ही में इजरायल की राजधानी यरुशलम में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। इसके बावजूद यहां 200 से ज्यादा लोगों ने भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन में हिस्सा लिया। भारतीय दूतावास ने हाइफा नगर पालिका के साथ मिलकर गुरुवार को फिल्म महोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित किया।

### महोत्सव के दूसरे संस्करण का हुआ आयोजन

इस मौके पर छह फिल्मों का प्रदर्शन हुआ जिसके जरिए भारतीय सिनेमा की विरासत का जश्न मनाया गया। भारतीय दूतावास ने इस वर्ष फरवरी में एक फिल्म महोत्सव का आयोजन किया था। इसे भारत के प्रति उत्साही लोगों ने सराहा था। इसके बाद दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया।



### इजरायल में दिखाई जाएंगी ये फिल्में

इजरायल फिल्म निर्माता, डैन वोलमैन ने इस महोत्सव को एक अहम पहल बताया। महोत्सव के तहत इजरायल के कई हिस्सों में भारत की फिल्में दिखाई जाएंगी। दो हफ्ते के इस आयोजन के दौरान हाइफा, तेल अवीव और दिमोना में पद्मावत, गंगूबाई काठियावाड़ी, जवान, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, अंधाधुन और 12वीं फेल जैसी फिल्में दिखाई जाएंगी।

### फिल्म महोत्सव मनाने का मकसद

भारतीय दूतावास में मिशन उप-प्रमुख, सर्वजीत सूदन ने भारतीय सिनेमा को इजरायली दर्शकों के करीब लाने में सहयोग के लिए हाइफा शहर का आभार व्यक्त किया। सूदन ने कहा, 'भारतीय फिल्में भारत की भावना- उसकी सांस्कृतिक विविधता, भावनाओं, मूल्यों और परंपराओं को दर्शाती हैं। इस महोत्सव के माध्यम से, हम भारत और इस्राइल के बीच सांस्कृतिक पुल और अच्छे संबंध बनाने की आशा करते हैं।' इजरायल में विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 46,000 भारतीय काम करते हैं।

# दीपिका के सपोर्ट में आईं मोना, हर महिला को इन मुद्दों पर बोलना चाहिए

**नई दिल्ली।** एक्टर मोना सिंह ने महिलाओं से अपील की है कि वे जरूरत से ज्यादा काम करने को 'नॉर्मल'मानना बंद करें। उन्होंने दीपिका पादुकोण की तारीफ करते हुए कहा कि वह लगातार भारत में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाती रही हैं। मोना का कहना है कि कई महिलाएं थकान को अपनी मेहनत की निशानी समझती हैं और बिना आराम के लंबा काम करती रहती हैं, चाहे वो महत्वाकांक्षा हो या समाज की उम्मीदें। उनका मानना है कि ये सोच शारीरिक और मानसिक, दोनों तरह से बेहद नुकसानदायक है और हमारे समाज व इंडस्ट्री में अभी भी इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता।



एक्ट्रेस मोना सिंह ने महिलाओं से कहा है कि ज्यादा काम करना और थक जाना कोई शान की बात नहीं है। उन्होंने दीपिका पादुकोण की तारीफ की, जो हमेशा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाती हैं।

### जागरूकता फैलाने के लिए जताया आभार

एक्ट्रेस ने अपनी साथी महिला सेलेब्रिटीज की तारीफ की, जो इन मुद्दों पर जागरूकता फैला रही हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि अब सेलिब्रिटीज इन बातों पर खुलकर बोल रही हैं और लोगों को जागरूक कर रही हैं। वरना टियर-2 शहरों की महिलाएं इन बातों को सामान्य मानकर चुप रहतीं। जब कोई मशहूर शख्स मानसिक स्वास्थ्य, इमोशनल वेलनेस, पीरियड्स या हार्मोन जैसी चीजों पर बात करता है, तो इससे जागरूकता बढ़ती है। ऐसी और भी महिलाएं, जिन्हें लोग फॉलो करते हैं, उन्हें आगे आकर इन मुद्दों पर खुलकर बात करनी चाहिए और इन्हें सामान्य बनाना चाहिए।'

## अजय और रकुल की जोड़ी 'दे दे प्यार 2' में रोमांस से भरी ला रही है कॉमेडी

# इस महीने सिनेमाघरों में रिलीज होंगी सात हिंदी फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


नवंबर का नया महीना आ गया है। मौसम का मिजाज बदल रहा है। हल्की-हल्की सर्द हवा में मन रूमानी हुआ जा रहा है। पिछले महीने जहां सिनेमाघरों में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'थामा' ने धूम मचाई, वहीं अब साल 2025 के 11वें महीने में 7 हिंदी फिल्में थिएटर्स में दस्तक देने वाली हैं। इनमें शाह बानो केस पर बनी इमरान हाशमी और यामी गौतमक की 'हक' जहां अधिकरों की बात करने वाली है, वहीं अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी 'दे दे प्यार 2' में रोमांस से भरी कॉमेडी ला रही है। फरहान अख्तर की '120 बहादुर' में देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि होगी। वहीं, धनुष और कृति सेनन 'रांझणा' का आत्मीय सीक्वल 'तेरे इश्क में' लेकर आ रहे हैं।

### हक (7 नवंबर)

सुपर्ण एस वर्मा के डायरेक्शन में बनी हक में इमरान हाशमी और यामी गौतम लीड रोल में हैं। यह फिल्म शाह बानो केस के ऐतिहासिक अदालती मुकदमे पर आधारित है। यह फिल्म एक औरत की लंबी कानूनी लड़ाई की दास्तान है, जिसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। यह मुस्लिम पर्सनल लॉ, देश की धर्मनिरपेक्ष न्याय व्यवस्था और लैंगिक अधिकारों जैसे विषय पर फोकस करती है। फिल्म में यामी के किरदार का नाम शाजिया बानो है, जबकि इमरान ने अब्बास खान का किरदार निभाया है।

### जटाधारा (7 नवंबर)

जटाधारा मूल रूप से तेलुगू में बनी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म है, जो हिंदी में भी रिलीज हो रही है। इसमें सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं। वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म एक ऐसे नायक की कहनी है, जो शक्तिशाली और बदले की आग में झुलस रही पिशाचनी का सामना करता है।




### मस्ती 4 (21 नवंबर)

*मिलाप जावेरी के डायरेकशनन में बनी मस्ती 4, बॉलीवुड के लोकप्रिय एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त है। रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की तिकड़ी एक बार फिर साथ आ रही है। फिल्म फिर से तीनों शादीशुदा मर्दों की अपनी-अपनी बीवियों से इतर रोमांस की तलाश और ठेठ शरारतों पर आधारित है।*

### दे दे प्यार दे 2 (14 नवंबर)

*अंशुल शर्मा के डायरेक्शन में बनी दे दे प्यार दे 2 साल 2019 में आई दे दे प्यार दे' का सीक्वल है। लव रंजन और तरुण जैन ने इसकी कहानी लिखी है। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों के लिए एक रोमांटिक कॉमेडी राइड ला रही है। कहानी एक अधेड़ उम्र के मर्द और एक कम उम्र की लड़की के प्यार की है। बात शादी तक पहुंच रही है, इसलिए लड़की के घरवालों को रिझाने का काम शुरू होता है। जबकि लड़की के पैरेंट्स और उसके प्रेमी, दोनों की उम्र करीब-करीब बराबर ही है। फिल्म में आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी और मिजान जाफरी भी हैं।*

### 120 बहादुर (21 नवंबर)

रजनीश घई के डायरेक्शन में बनी 120 बहादुर, एक वॉर फिल्म है। फरहान अख्तर ने फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी और राशि खन्ना ने शैतान की पत्नी शगुन कंवरी सिंह की भूमिका निभाई है। यह ऐतिहासिक 'रेजांग ला की लड़ाई' के वीर सैनिकों की बहादुरी को याद करती है, जिसे चीन-भारतीय युद्ध की सबसे प्रमुख घटनाओं में से एक माना जाता है। 18 नवंबर 1962 को लड़ी इस लड़ाई में सेना के 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के 120 सैनिकों ने 3000 चीनी सैन्य टुकड़ी से लोहा लिया था।

### गुस्ताख इश्क (21 नवंबर)

विभु पुरी के डायरेक्शन में बनी गुस्ताख इश्क एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख लीड रोल में हैं। उनके साथ नसीरुद्दीन शाह भी हैं। मनीष मल्होत्रा के बैनर तले बनी इस फिल्म की कहानी पंजाब की लुप्त होती कोठियों और पुरानी दिल्ली की गलियों में घूमती हुई आगे बढ़ती है।

### तेरे इश्क में (28 नवंबर)

साल 2013 में आनंद एल राय जब धनुष के साथ 'रांझणा' लेकर आए, तब वह फिल्म हर दिल की धड़कन बन गई। अब वह धनुष और कृति सेनन के साथ तेरे इश्क में ला रहे हैं। यह तमिल और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज होगी। यह एक इमोशनल लव स्टोरी है, जो 'रांझणा' की दुनिया का ही हिस्सा है। एकतरफा प्यार, साथी को पाने की अथाह लालसा और प्रेम-संघर्ष पर बुनी इस कहानी को एआर रहमान ने संगीत से सजाया है।

## खबर संक्षेप

### महिला वॉलीबॉल टीम में दो खिलाड़ियों का चयन



**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला की दो प्रतिभाशाली बेटियां ललिता तिर्की और अमीशा उरांव, ओडिशा अंडर.17 महिला वॉलीबॉल टीम में चयनित हुईं। यह टीम आगामी 11 से 15 नवंबर तक उत्तर प्रदेश के बरेली में होने वाली स्कूल स्तरीय राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। ललिता तिर्की बिश्रा सरकारी उच्च विद्यालय, बिजाडीही की छात्रा हैं, जबकि अमीशा उरांव सुबोध राउतरे हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत हैं। दोनों खिलाड़ी पिछले छह वर्षों से चंद्रशेखर खेल संगठन के महासचिव एवं वॉलीबॉल कोच देवदत्त जेना के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रही थीं। श्री जेना प्रतिदिन सुबह स्वयं विद्यालय जाकर निःस्वार्थ भाव से छात्राओं को प्रशिक्षण देते रहे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से कोच और संगठन के सदस्य बेहद उत्साहित हैं।

### साइबर ठगों को बैंक खाता बेचने वाला गिरोह पकड़ाया

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले के भस्मा थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों की मदद करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपी कलाकर टंडिया अबनकेला गांव निबास नायक, योगीमाल गांव, भरत महानंद जामतलिया गांव, बिमल गर्दिया, डमबाहाल गांव और हरेराम देव गुराबासा गांव सदर थाना क्षेत्र को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ कि ये आरोपी अपने और रिश्तेदारों के नाम से विभिन्न बैंकों में खाते खोलकर उनके एटीएम कार्ड साइबर ठगों को बेच देते थे, जिसके बदले उन्हें 5 से 10 हजार रुपए प्रति खाता मिलता था। पिछले कुछ महीनों में इन खातों के जरिए लाखों रुपये के संदिग्ध लेनदेन किए गए। पुलिस को संदेह है कि इन खातों का उपयोग देशभर में फैले साइबर अपराधी ऑनलाइन ठगी की रकम ट्रांसफर करने में कर रहे थे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुसांत कुमार परिड़ा के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसने छापेमारी कर आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने उनके पास से 23 बैंक पासबुक और 6 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। गुरुवार को एसडीपीओ निर्मल कुमार महापात्र ने थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस अब उन साइबर गिरोहों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है जो इन खातों का इस्तेमाल ठगी में कर रहे थे।

## पेज 1 का शेष

### मयाली नेचर कैंप ...

पर्यटकों को केवल प्रकृति की गोद में सुकून ही नहीं, बल्कि रोमांच का अहसास भी कराती है। सुबह की सुनहरी रोशनी में झील पर फिसलती स्पीड बोट्स जब हवा को चीरती हैं, तो दिल की धड़कनें तेज़ हो जाती हैं। वहीं, कयाकिंग में प्रतिभागी अपनी शक्ति और संतुलन के बल पर पानी की लहरों के बीच आगे बढ़ते हैं, यह अनुभव आत्मविश्वास और एकाग्रता का प्रतीक बन जाता है।

### निकाली गई निशान यात्रा, भजन संध्या में गाए गीत

# श्याम मंदिर के 26वें वर्ष पूर्ण होने पर मना एकादशी महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा प्रांगण स्थित श्री श्याम मन्दिर के 26वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एकादशी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को कार्तिक एकादशी महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर निशान यात्रा, भजन संध्या, 56 भोग, श्रीश्याम रसोई सहित अन्य आयोजन श्याम भक्तों ने किया।

श्रद्धालुओं ने शाम 3 बजे से श्रीश्याम मन्दिर पहुंच कर निशान उठाया एवं भगवान श्याम के दर्शन किए। श्याम भक्तगण रंग-बिरंगी 101 ध्वज, निशान लेकर हिस्सा लिया। श्री श्याम की निशान यात्रा निकाली गई जो श्याम मंदिर से रायगढिया चौक, बस स्टैंड, परशुराम चौक, राम मन्दिर होते हुए पूरे नगर भ्रमण किया। जिसमें श्रीश्याम भक्तों द्वारा भव्य झांकी के साथ डीजे में श्री श्याम के जयकारे लगाते हुए भक्ति गीतों में झूमते हुए बाबा खाटू वाले श्याम को निशान ध्वज अर्पित किया। निशान यात्रा का जगह-जगह आरती की थाल लेकर स्वागत कर आशीर्वाद व प्रसाद लिया गया। जमकर आतिशबाजी भी की गई। पदयात्रा कर निशान चढ़ाने को लेकर मान्यता यह है कि श्री श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है। यह उनकी विजय का प्रतीक है, जिसमें उन्होंने धर्म की जीत के लिए दान में अपना शीश ही भगवान श्री कृष्ण को दे दिया था। जिन्हें प्रसन्न करने छोटे से बड़े मुख्यत केसरी नीला, सफेद, लाल या पीले रंग का झंडा निशानों पर श्याम बाबा और कृष्ण भगवान के जयकारे और दर्शन के फोटो लगाते है। वही कुछ निशानों पर नारियल और मोरपंख भी लगाया जाता है। जिससे श्याम सरकार सभी के हर बिगड़े कार्य बना देते है व भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसलिए सभी भक्त श्याम मंदिरों में अपनी मन्नते मांगते हुए निशान चढ़ाते हैं। शाम 6 बजे से भजन संध्या व 56 भोग प्रसाद वितरण, श्रीश्याम रसोई का आयोजन रखा गया। आयोजन श्याम मंदिर प्रांगण में किया गया। इसका संचालन श्री श्याम सेवा समिति कोतबा ने किया। रात्रि 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। अंत में आरती की गई।

### मनाई गई देवउठनी एकादशी, हुआ तुलसी विवाह

आज के दिन हर घर में देवउठनी एकादशी मनाई गई। घरों के तुलसी चौरा में गन्नों से सजा कर श्री तुलसी विवाह रचाया गया। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को तुलसी विवाह भी होता है। इस दिन घरों में तुलसी की पूजा की जाती है। तुलसी के गमले को गेरू से रंग कर उस पर ईख यानी गन्ने से मंडप बनाया जाता है। फिर आंगन में भगवान विष्णु के चरण कलात्मक रूप से अंकित किए जाते हैं। पूजा के बाद गमले पर साड़ी लपेटकर चुनरी ओढ़ाई जाती है और चूड़ी समेत कई श्रृंगार सामग्री चढ़ाई जाती है। फिर शालीग्राम का सिंहासन लेकर तुलसी के चारों ओर सात बार परिक्रमा की जाती है। इसके साथ ही शादी-समारोह की धूम शुरू हो जाएगी। त्योहारी सीजन के बाद अब शादी-विवाह की खरीदारी को लेकर बाजार गुलजार होने लगे हैं।

## देवउठनी एकादशी पर हर घर में सजा गन्ने का मंडप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कार्तिक शुक्ल एकादशी पर जशपुर में भक्ति और आस्था का सागर उमड़ पड़ा। सूर्योदय से ही मंदिरों की घंटियों की मधुर ध्वनि और हर घर में गूंजते भजनों ने वातावरण को दिव्य बना दिया। प्राचीन बालाजी मंदिर से लेकर नगर के कोने-कोने तक श्रद्धा और परंपरा की अनोखी झलक देखने को मिली।

मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं, जिससे सृष्टि में पुनः शुभता का संचार होता है। पं. मनोज रमाकांत मिश्रा ने बताया कि देवउठनी एकादशी की तिथि पर गन्ने के मंडप सजाकर तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराया गया। चार महीने के चातुर्मास के बाद जब भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं, तो यह पर्व सभी एकादशियों में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी दिन से विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञ, मुंडन, जनेऊ जैसे सभी मांगलिक कार्यों का आरंभ होता है। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने घरों की सफाई कर पूजा स्थलों को सजाया। चावल के आटे से सुंदर चौक बनाए गए और भगवान के चरणों की आकृति बनाई गई। फिर गन्ना, आंवला, सिंघाड़ा, मिठाई और फल अर्पित कर श्रीहरि की विधिवत पूजा की गई। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर तुलसी विवाह की रस्में निभाई। बच्चों और युवाओं ने मंदिरों में सजावट और दीप प्रज्ज्वलन में भाग लिया।

### बालाजी मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

देवउठनी एकादशी के अवसर पर जशपुर के प्राचीन बालाजी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भव्य सजावट और दीपों की रौशनी में मंदिर परिसर स्वर्गिक दिखाई दे रहा था। यहां पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच तुलसी और शालिग्राम का विवाह संपन्न हुआ। जैसे ही विवाह संस्कार पूर्ण हुआ जय श्रीहरि और हरि बोल के जयकारों से पूरा मंदिर गूंज उठा। भक्तों ने इस दिन व्रत रखकर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना की। श्रद्धालुओं का मानना है कि जो व्यक्ति देवउठनी एकादशी का व्रत करता है, उसके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

### हर घर में सजी आस्था की चौकियां

नगर के विभिन्न इलाकों में लोगों ने घर-घर गन्ने का मंडप बनाया। तुलसी चौरा सजाया और दीपों से आंगन को रोशन किया। बच्चों ने रंग-बिरंगे दीप जलाए। महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया और पुरुषों ने तुलसी विवाह की तैयारियों में भाग लिया। देवउठनी एकादशी ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि जशपुर की जीवंत परंपराओं को भी पुनः जागृत किया। शहर और ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा, सौहार्द और भक्ति का अद्भुत वातावरण रहा।

## दवाइयों व संतुलित आहार के महत्व की दी जानकारी

**जशपुरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला में निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत क्षय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए पोषण सामग्री का वितरण किया गया। यह वितरण भारत रत्नम खूंटे एवं भारत मेडिकल गम्हरिया के सहयोग से संपन्न हुआ।

**खास बात**
- दुलदुला में क्षय रोगियों को फूड बास्केट का वितरण



निक्षय मित्र भारत रत्नम खूंटे ने बताया कि क्षय रोगियों के उपचार के साथ ही उन्हें उचित पोषण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उचित पोषण मिलने से मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वे जल्द स्वस्थ हो पाते हैं। स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारी एवं चिकित्सा स्टाफ ने मरीजों को दवाइयों के साथ संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। वितरण के दौरान प्रत्येक टीबी मरीज को फूड बास्केट प्रदान की गई। जिसमें दाल, चना, चावल, सोया, बिस्किट प्रोटीन पाउडर और अन्य आवश्यक पोषक सामग्री शामिल थी। खंड चिकित्सा अधिकारी शोभा मिंज ने बताया कि निक्षय मित्र योजना का उद्देश्य समाज के सक्षम व्यक्तियों, संस्थानों एवं संगठनों को क्षय रोगियों के पोषण और देखभाल में सहभागी बनाना है ताकि "टीबी मुक्त भारत 2025" के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर ईश्वर पाटले प्रोग्राम को-आर्डिनेटर टीबी, खुशबू खूंटे स्टाफ नर्स, ममता तिर्की एसटीएस, सुशीला टोप्पो बीसी सहित अस्पताल के समस्त स्टाफ मितानिन उपस्थित थे।

## खजरी टीम को 5 विकेट से हराकर लुडेग ने जीता फाइनल मैच

**जशपुरनगर।** खेल के क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं को प्रोत्साहन देने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से चंदागढ़ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**खास बात**
- चंदागढ़ में क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन




मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को युवाओं के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। फाइनल मुकाबला लुडेग और खजरी टीम के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। खजरी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 49 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में लुडेग की टीम ने जबरदस्त बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से मुकाबला जीत लिया और प्रतियोगिता की विजेता बनी। विजेता टीम लुडेग को 20 हजार रूपए नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता खजरी टीम को 10 हजार नगद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि सालिक साय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि एकता, अनुशासन और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती हैं। खेलों से ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। मंच पर मंडल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, सरपंच संघ अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह, चंद्रपुर सरपंच नंदनी पैकरा, सूरजगढ़ सरपंच सरस्वती पैकरा, सरपंच शशिकांता पैकरा, तमता सरपंच शीता बाज एवं चंदागढ़ उपसरपंच रामप्रसाद चौहान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता,

## जशपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापना की मांग हुई तेज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य भर में आयोजित हो रहे राज्योत्सव कार्यक्रमों के बीच जशपुर जिले में भी छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग तेज हो गई है।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शहर सहस्त्रांशु पाठक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर जशपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पूर्व शासन द्वारा भेजी गई है, जिसका उद्देश्य जिले में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की स्थापना करना था। किंतु अब तक प्रतिमा स्थापित नहीं की जा सकी है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि राज्योत्सव कार्यक्रम से पूर्व ही प्रतिमा का विधिवत अनावरण एवं स्थापना कार्य पूरा किया जाए, ताकि जिलेवासी छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त कर सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में अनोज गुप्ता, आशिफ खान, अजय भगत, सौफी कुरैशी, मनमोहन भगत और चांद खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## तलईपल्ली परियोजना में सतर्कता शपथ और वाकाथान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत वाकाथान पैदल मैराथन का आयोजन किया गया। परियोजना के कोशल विहार आवासीय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सतर्कता एवं ईमानदारी के संदेश को समाज तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख अखिलेश सिंह द्वारा सतर्कता शपथ के साथ की गई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सतर्कता केवल एक सप्ताह तक सीमित न रहकर प्रत्येक कर्मचारी के कार्य और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने सभी को अपने कार्यस्थल पर पारदर्शिता, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। आवासीय परिसर में वॉकथॉन के उपरांत, परियोजना के प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों, सुरक्षा बलों और संविदाकर्मियों ने सामूहिक रूप से सतर्कता शपथ ली। इस अवसर पर भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत के संकल्प को दोहराया गया। एनटीपीसी तलईपल्ली परियोजना सदैव ईमानदारी, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को अपनाते हुए, संगठन और समाज दोनों के सतत विकास की दिशा में अग्रसर है।




### सट्टा-पट्टी लिखते महिला समेत चार सटोरिए पकड़े गए

**रायगढ़।** जुआ-सट्टा विरुद्ध अभियान के तहत कल शाम कोतवाली पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर रेड कार्रवाई कर एक महिला समेत चार सट्टा लिखने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम सट्टा पट्टी लिखने की सूचना पर पुलिस टीम ने सर्किट हाउस चौक बीडपारा और जयस्तंभ चौक क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान सर्किट हाउस चौक के पास पान ठेले के किनारे अनिल देवांगन पिता तीजराम देवांगन उम्र 38 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोईरदादर रोड रायगढ़ को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। जिससे 1450 नकद जब्त किया गया। बीडपारा रायगढ़ से रजिया बेगम पिता मोह. खलीम उम्र 55 वर्ष निवासी बीडपारा से 780 नकद, सर्किट हाउस चौक के पास संतोष यादव पिता घनश्याम यादव उम्र 34 वर्ष निवासी बोईरदादर आदि शामिल हैं।

हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की कुनकुरी में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
संगम चौक, जशपुर नगर
मो. 7000789166, 9301844932

## अभिनव स्कूल के छात्रों ने किया डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



दूर दराज में रहने वाले अपने लोगों के बीच संवाद में बने रहने के लिए डाक घर कभी मूल साधन था और कतिपय तथ्यों में अभी भी डाकघर उपयोगी हैं।

हिंदी और अंग्रेजी के विद्यार्थी आज भी चिट्ठी लिखने का अभ्यास करते है जो आज भी प्रासंगिक है। कुछ दशकों से डाक घर के जरिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है इन सभी से रूबरू कराने अभिनव विद्या मंदिर पुसौर अपने विद्यार्थियों को पढ़ाई के अतिरिक्त समय में शैक्षणिक भ्रमण करवाया जो हायर सेकेण्डरी के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी के निर्देशन में तथा व्याख्याता संतोष पटेल एवं अभिनव सतपथी के मार्गदर्शन में एवं अभिनव शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल की उपस्थिति में हुआ। उप डाकपाल सुन्दर चौहान, सहायक प्रियंका साव, ऋतेश सिदार भानुप्रकाश बुधिया द्वारा डाकघर का इतिहास पीपीएफ एमआईएस आरडी खाता वरिष्ठ नागरिक खाता बचत खाता सुकन्या योजना टिकट्स आहरण एवं जमा पर्ची पोस्ट कार्ड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं छात्रों को संचालक अक्षय कुमार सतपथी ने बताया कि पोस्ट कार्ड, अंतर्देशीय पत्र, रजिस्ट्री पत्र विथ एकनालेजमेंट व बैरंग पत्र के बारे में अलग से जानकारी दिया। चूंकि यह प्रचलन में कम हो गया है। बैरंग पत्र के बारे में बताते हुए कहा कि बैरंग पत्र की राशि पत्र पाने वाले को देना होता है जैसा कि आज सामग्री डिलीवरी के समय होता है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123


स्वामी जी-93406-38884
21 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से- 2 मई से 9 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर-12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411